किसान खाद को परेशान, जमकर कालाबाजारी : गुर्जर

नवभारत न्यूज

मुरैना, 21 अगस्त । खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों के समर्थन में जिला कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गल्लामंडी प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचें एसडीएम भूपेन्द्र सिंह कुशवाह को ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसमें खाद वितरण के लिए दो अतिरिक्त काउंटर बनाए जाने, सीधे पर्ची के माध्यम से वितरण किए जाने की मांगें की गई है।

खाद संकट को लेकर कांग्रेस ने गल्लामंडी प्रांगण में किया प्रदर्शन

मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेन्द्र डंगस, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गल्ला मंडी प्रांगण में एकत्रित हुए। उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। जिसके बाद विधायक दिनेश गुर्जर के नेतृत्व में मंडी प्रांगण में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक श्री गुर्जर सहित कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खाद लेने के लिए किसान घंटों तक लाईन में खड़े रहने पर मजबूर है। दूसरी ओर अधिकारियों की मिलीभगत से दुकानदारों द्वारा खाद की ऊंचें दामों पर कालाबाजारी की जा रही है। विधायक श्री गुर्जर ने मौके से ही कलेक्टर को मोबाइल फोन पर कॉल कर समस्या से अवगत कराया। कुछ देर बाद एसडीएम भूपेन्द्र कुशवाह मौके पर पहुंच गए थे। कांग्रेस नेताओं द्वारा एसडीएम से खाद वितरण के लिए दो अतिरिक्त काउंटर खोले जाने और पर्ची के माध्यम से सीधे खाद का वितरण किए जाने, मंडी प्रांगण में धूप, पानी से बचाव के लिए शेड का निर्माण किए जाने, पेयजल के पर्याप्त प्रबंध किए जाने की मांग से अवगत कराया।

धरना प्रदर्शन में यह रहे शामिल

सुभाष सिकरवार, नजमा बेगम, हरीश पाठक, अजीत सिकरवार, रामू तोमर, रमेश अर्गल, गोविंद गोले, रामस्वरूप कामर, रामू टुंडेलकर, अशोक तोमर, संदीप बैसला, होतम परमार, रहीस खान, अशोक सिकरवार, बंगाली जाटव, बलवीर पार्षद, रामवीर फौजी, सरफुद्दीन शाह, भूरा गुर्जर, विजेन्द्र गुर्जर, नितिन नारौलिया, राजीव भटनागर, रामहेत पिप्पल, हरीश शर्मा, सीताराम अर्गल, चिंटू भाई, रिजवान खान आदि धरना प्रदर्शन में शामिल रहे।

दूसरे दिन हड़ताल पर रहे ननि कर्मचारी, निकाली रैली, प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 21 अगस्त । कई बार अल्टीमेटम देने के बाद भी मांगें पूरी न होने पर नगर निगम मुरैना के कर्मचारी 20 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। गुरूवार को दूसरे दिन भी कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही।

मांगें पूरी न होने पर 20 अगस्त से शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

हड़ताल पर गए कर्मचारियों ने गुरूवार को नगर निगम दफ्तर परिसर में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान नगर निगम के लेखाधिकारी संजय जैन मौके पर पहुंचें, उन्होंने कर्मचारियों को फण्ड न होने की वजह से मांगें पूरी करने में असमर्थता जताई और कहा कि शासन से फंड मिलते ही उनकी मांगों को पूरा कर दिया जाएगा। उनके द्वारा हड़ताल खत्म करने के आग्रह को कर्मचारियों ने ठुकरा दिया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने नगर निगम दफ्तर से रैली निकाली। जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुन: नगर निगम दफ्तर पहुंचकर संपन्न हुई।

जानिए, क्या है कर्मचारियों की मांगें

:-जुलाई-2025 के वेतन का शीघ्र भुगतान
:-प्रतिमाह समय पर वेतन का भुगतान किए जाने
:-लंबित एरियर की राशि का शीघ्र भुगतान
:जून-2023 से जून-2025 तक की जीपीएफ की राशि ब्याज के साथ जमा कराई जाए।
:-अप्रैल-2024 से जून-2025 तक एनपीएस की राशि जमा कराई जाने।
:-काटी गई ईपीएफ की राशि तत्काल जमा कराई जाने।
:-सेवा से पृथक किए गए 32 संविदा कर्मचारियों को सेवा में बहाल किया जाए।
:-पंचायतों के विलय होने के बाद नगर निगम में आए सचिवों का संविलियन किया जाए।
:-दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाए।

बच्चों के बीच झगड़े में दो पक्षों में चले लाठी-फरसे, 10 जख्मी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 21 अगस्त । कोचिंग पर बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के खबरौली गांव में गुरूवार को दो पक्षों में झगड़ा हो गया। दोनों पक्ष के लोगों ने लाठी, फरसों से एक-दूसरे की मारपीट कर डाली। झगड़े में दोनों पक्ष के 10 लोग घायल हुए

स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के खबरौली गांव में हुई घटना

है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार खबरौली गांव में रहने वाले मंजीत सिंह परमार 17 पुत्र अतिबल सिंह परमार का कोचिंग पर गांव के ही भोला राठौर 20 पुत्र भूरा राठौर से विवाद हो गया था। गांव पहुंचनें पर मंजीत और भोला ने अपने-अपने परिजन को विवाद की जानकारी दी। जिसके बाद दोनों पक्ष के लोग एक-दूसरे को उलाहना देने पहुंच गए। इसी दौरान दोनों पक्ष के लोगों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान दोनों पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे की लाठी, फरसा और डण्डों से मारपीट कर डाली। झगड़े में मंजीत परमार के साथ उसके परिवार के उम्मेद सिंह 50 पुत्र प्रीतम सिंह परमार, तिलक सिंह 45 पुत्र प्रीतम सिंह, नीतू 30 पत्नी श्यामवीर सिंह, अर्जुन 65 पुत्र सरमन सिंह, कल्ला 30 पुत्र अर्जुन सिंह जख्मी हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से ज्वाला सिंह 70 पुत्र गजाधर सिंह राठौर, भोला20 पुत्र भूरा राठौर, केशव 50 पुत्र हरिज्ञान राठौर और शिवम राठौर 18 पुत्र बंटी राठौर घायल हुए है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

शिक्षा मानव जीवन में दिशा निर्धारण करती है : नरेन्द्र तोमर

नवभारत न्यूज

मुरैना, 21 अगस्त । पीएम नरेन्द्र मोदी समावेशी एवं सर्वांगीण विकास को लेकर सदैव तत्पर रहते हैं। प्रदेश में आवास, शिक्षा, सड़क, विद्युत एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं है।

विस अध्यक्ष ने जौरा-कैलारस में 13.82 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

यह बात मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने गुरूवार को जौरा में नवीन विज्ञान संकाय भवन के लोकार्पण एवं कैलारस में 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज के लोकापर्ण अवसर पर कही। इस अवसर पर महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, पूर्व विधायक सूबेदार सिंह रजौधा, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, एसडीएम जौरा शुभम शर्मा, एसडीएम सबलगढ़ अरविंद माहौर, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सियाराम सिकरवार, प्राचार्य एसएन सिंगाड़ सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विस अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि 2004 में जौरा महाविद्यालय का उद्घाटन मेरे द्वारा किया गया था और आज इसके लिए स्वीकृत नवीन भवन का लोकार्पण करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन की दिशा निर्धारित करती है तथा इसका महत्व जीवन में सर्वोपरि है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु केंद्र एवं राज्य सरकारें नवाचारों के माध्यम से शिक्षा को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं सर्वसुलभ बनाने के लिए सतत प्रयासरत हैं। कार्यक्रम को पूर्व विधायक सूबेदार सिंह रजौधा एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सियाराम सिंह सिकरवार ने भी संबोधित किया।

अलोपीशंकर पहाड़ी पर 1.65 करोड़ की सीसी रोड लोकार्पित : विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि कैलारस में अलोपी शंकर पहाड़ी पर 1 करोड़ 65 लाख रूपये की लागत से 2 किलोमीटर लंबी सीसी सड़क को जनता को समर्पित किया गया है। इसके अतिरिक्त 8 लाख रूपये की लागत से 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज भी स्थापित किया गया है

वरिष्ठजन समाज की जीवंत धरोहर, सम्मान के हकदार

नवभारत न्यूज

मुरैना, 21 अगस्त । विश्व वरिष्ठजन दिवस के अवसर पर बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान और मप्र शिक्षक संघ ने संयुक्त रूप से वरिष्ठजन प्रेरणा पर्व का आयोजन किया। आयोजन का उद्देश्य समाज के वयोवृद्ध शिक्षाविदों, साहित्यकारों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों के योगदान को सम्मानित करना तथा उनके अनुभव और जीवन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना था।

बिस्मिल फाउंडेशन के अध्यक्ष और समाजसेवी डॉ. नरेश सिंह सिकरवार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों के निवास पर जाकर उन्हें शॉल, श्रीफ्ल और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। पुरानी हाउसिंग कॉलोनी स्थित संगठन कार्यालय पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें वरिष्ठजन, संस्कृति, संस्कार और समाज का आधार विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। सम्मान प्राप्त करने के बाद

विश्व वरिष्ठजन दिवस पर प्रबुद्धजनों का किया गया सम्मान

वयोवृद्ध साहित्यकार और पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. शंकर सिंह तोमर ने कहा कि शिक्षा केवल विद्यालय की चारदीवारी में नहीं होती। हमारी असली शिक्षा तो हमारे घरों में, हमारे बुजुर्गों के पास बैठकर, उनके अनुभव सुनकर और उनके आचरण देखकर होती है। वरिष्ठ शिक्षाविद पूर्व प्राचार्य डॉ. एसपी सारस्वत ने कहा कि आधुनिकता तभी सार्थक है, जब वह अपनी जड़ों से जुड़ी हो। परिवार में वरिष्ठजन केवल सदस्य नहीं होते, बल्कि वे संस्कारों के वाहक, परंपराओं के रक्षक और जीवन की सच्ची पाठशाला होते हैं। इस अवसर पर रघुराज परमार, डॉ. हरेंद्र तोमर, विमलेश यादव, प्रदीप शर्मा, सतंजय मिश्रा, रामावतार सिंह चंबल, जगदीश शर्मा, रामअवतार शर्मा, राजेंद्र शर्मा, गिरीश शर्मा, जगमोहन सेमिल, रूप सिंह आदि मौजूद रहे।

सबलगढ़ एसडीएम ने किया खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सबलगढ़, 21 अगस्त । कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार सबलगढ़ एसडीएम ल अरविन्द कुमार माहौर ने गुरुवार को सबलगढ़ मंडी परिसर स्थित खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण किया

निरीक्षण के दौरान कुल 650 टोकन वितरित किए गए एसडीएम अरविंद माहौर ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी पात्र किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाएगा उन्होंने किसानों से अपील की कि वे संयम और अनुशासन बनाए रखें तथा निर्धारित क्रम के अनुसार खाद प्राप्त करें इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देश दिए कि वृद्धजनों एवं महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए आवश्यकता पड़ने पर निजी उर्वरक विक्रेताओं के काउंटर भी लगाए जाने की व्यवस्था की जाएगी जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो सभी किसानों को खाद मिलेगा कोई भी किसान खाद से वंचित नहीं रहेगा खाद का पर्याप्त स्टॉक है उन्होंने अपने सामने किसानों को खाद का वितरण कराया।

किराए को लेकर बस स्टाफ और सवारी के बीच मारपीट

मुरैना, 21 अगस्त । यात्री बस में किराए को लेकर सवारी और कंडक्टर के बीच झगड़ा हो गया। जिसे लेकर पहले सवारी ने अपने साथियों के साथ कंडक्टर सहित बस स्टाफ की मारपीट कर डाली। जिसके बाद बस के मुरैना पहुंचनें पर बस स्टाफ और बस संचालक के लोगों ने किराया न देने वाली सवारी के साथ मारपीट की। इस मामले को लेकर सिविल लाईन पुलिस ने बस के मुसाफिर पिंकी गुर्जर 32 पुत्र भारत सिंह नि. जड़ेरूआ की रिपोर्ट पर जितेन्द्र सिकरवार, आकाश सिकरवार, सूरज सिकरवार नि. उत्तमपुरा देवगढ़ के विरुद्ध तथ जसवंत सिंह सिकरवार नि. उत्तमपुरा देवगढ़ की रिपोर्ट पर गौरव पुत्र पप्पू गुर्जर नि. जनकपुर, बॉबी गुर्जर पुत्र रामवीर गुर्जर, रवि पुत्र रामवीर गुर्जर नि. बिस्मिल नगर मुरैना, पिंकी पुत्र भारत सिंह गुर्जर नि. जड़ेरूआ, बच्चा उर्फ छोटू गुर्जर नि. सिकरौदा के विरुद्ध मारपीट किए जाने की धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

कांग्रेस नेता वीरेन्द्र रान्सू के पिताश्री का निधन

मुरैना, 21 अगस्त । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र सिंह हर्षाना रान्सू के पिताजी छोटेसिंह हर्षाना (सेवानिवृत्त पटवारी) का गुरूवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ होकर घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। गुरूवार की सुबह उन्होंने शहर के गणेशपुरा में फूटी पुलिया स्थित निज निवास पर अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार की शाम 4 बजे पुश्तैनी गांव रान्सू में वैदिक रीति-रिवाजों से किया गया। अंतिम यात्रा में कांग्रेस सहित तमाम राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद थे।

तेज रफ्तार बाइक ने 5 साल के मासूम को कुचला, मौके पर मौत

नवभारत न्यूज

मुरैना, 21 अगस्त । मां-बाप के साथ बानमोर से रिश्तेदार के घर आए 5 साल के मासूम बच्चे को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जख्मी हालत में उसे परिजन

गोपालपुरा इलाके में हुआ हादसा, ऑटो चालक का इकलौता पुत्र था मृतक

अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसा शहर के गोपालपुरा इलाके में बुधवार की शाम होना बताया गया है। मृत मासूम अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था।

जानकारी के अनुसार कस्बा बानमोर के फूलपुर में रहने वाला कल्याण सिंह किरार पेशे से ऑटो ड्राईवर है। बुधवार को कल्याण सिंह अपनी पत्नी और पांच साल के पुत्र सचिन को लेकर मुरैना शहर के गोपालपुरा में रहने वाले रिश्तेदार के घर पहुंचा था। वनखंडी रोड पर रहने वाले रिश्तेदार के घर के बाहर मासूम सचिन खेल रहा था। इसी दौरान सड़क से होकर तेज रफ्तार में गुजरे बाइक सवार ने मासूम सचिन को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक लेकर चालक वहां से भाग निकला। जख्मी सचिन को परिजन ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मां-बाप का इकलौता पुत्र था मृतक सचिन : बाइक की टक्कर से जान गंवाने वाला मासूम सचिन अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। सचिन के अलावा उसके मां-बाप को एक पुत्री भी है। हादस के बाद लाखन सिंह के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

गल्लामंडी में गोदाम से सरसों चोरी करने वाला गिरफ्तार

मुरैना, 21 अगस्त । गल्लामंडी स्थित गोदाम से सरसों की चोरी करने वाले युवक को गुरूवार को सीसीटीवी कैमरे के फुटेजों के आधार पर दबोच लिया। जिसे बाद में कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बीते रोज गल्लामंडी प्रांगण स्थित एक गोदाम से अज्ञात युवक सरसों की बोरी चुराकर ले गया था। चोरी की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। जिसमें एक युवक साईकिल पर सरसों की बोरी रखकर ले जाता हुआ दिखाई दे रहा था। गोदाम मालिक सहित अन्य व्यापारियों ने कैमरे से मिले फुटेज के आधार पर गुरूवार को चोरी करने वाले युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रिंकू जाटव निवासी गोपालपुरा मुरैना बताया।

संस्कार ही चरित्र निर्माण की आधारशिला :नपाध्यक्ष माहेश्वरी

मुरैना, 21 अगस्त । संस्कार केंद्र से बच्चों के जीवन में नैतिक मूल्यों का विकास होगा, जिससे उनका भविष्य निखरेगा। यह बात नगरपालिका जौरा के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने कही। श्री माहेश्वरी सेवा भारती मुरैना के तत्वावधान में कस्बा जौरा में लक्ष्मी माता मंदिर पुराना जौरा के परिसर में संस्कार केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में समाजसेवी दीपक सिंहल, मयंक अवस्थी, पार्षद शिवदयाल गौर, कदम सिंह, कुशवाह, बंटी रावत, वीरबल जाटव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सेवा भारती जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह ने कहा कि यह प्रकल्प समाज में शिक्षा, संस्कार और सेवा का दीप प्रज्वलित करने का माध्यम है। कार्यक्रम में दीपक सिंघल ने संस्कार केंद्र को गोद लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वे प्रत्येक सप्ताह केन्द्र पर आकर बच्चों के साथ समय व्यतीत करेंगे। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सीता माहेश्वरी, सुमन शर्मा, रूबी गर्ग, लक्ष्मी बाथम, रेनू गर्ग, संस्कार केन्द्र की शिक्षिका आयुषी शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

आज रामेश्वरम जाएगें श्रीरामजी भागवत भक्त मंडल के 300 सदस्य

मुरैना, 21 अगस्त । तमिलनाडु के रामेश्वरम में 25 अगस्त से 1 सितंबर तक होने वाले श्रीमद भागवत कथा के आयोजन को लेकर श्रीरामजी भागवत भक्त मंडल के 300 सदस्य आज शुक्रवार को रामेश्वरम के लिए रवाना होंगे। भक्त मंडल के संयोजक माताप्रसाद, कोषाध्यक्ष रविकांत गोयल, नरेन्द्र गर्ग ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि रामेश्वरम में 25 अगस्त से शुरू हो रही भागवत कथा में मुरैना सहित 21 शहरों के 300 लोग कथा का रसपान करेंगे। इस कथा का प्रसारण यूट्यूब पर किया जाएगा। आयोजन में व्यासपीठ पर अंर्तराष्ट्रीय कथाचार्य बल्लभाचार्य महाराज विराजमान रहेंगे। आयोजन को लेकर महेशचंद्र अग्रवाल, दिनेश मोदी, कैलाशचंद्र अग्रवाल एडवोकेट को सलाहकार नियुक्त किया गया है।

भैंस चराने गए युवक की आसन नदी में डूबने से मौत

नवभारत न्यूज

मुरैना, 21 अगस्त । आसन नदी के किनारे भैंसों को चराने गए युवक की नदी के पानी में डूबने से मौत हो गई। हादसा नूराबाद क्षेत्र में करूआ गांव के पास आसन नदी के घाट पर गुरूवार को हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

जानकारी के अनुसार करूआ गांव में रहने वाला लाखन सिंह गुर्जर पुत्र कोक सिंह गुर्जर गुरूवार को घर से अपनी भैंसों को लेकर निकला था। लाखन सिंह अपनी भैंसों को आसन नदी के किनारे चरा रहा था। इसी दौरान जब वो हाथ-पैर धोने के लिए नदी के घाट पर पहुंचा तो गहरे पानी में डूब गया। वहां मौजूद लोगों ने लाखन सिंह के परिजन को सूचना दी। कुछ ही देर में सूचना मिलने पर नूराबाद पुलिस भी वहां पहुंच गई थी। पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आसन नदी से लाखन सिंह गुर्जर को बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

आम सूचना

श्री बीरेन्द्र प्रजापति पुत्र श्री गोपाल सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड, स्थित ग्राम छौदा तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.44 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1063 ग्राम छौंदा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भूमि श्री पुरूषोतम, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौडा, उत्तर में-भूखण्ड विक्रेता एवं दक्षिण में-भूखण्ड श्रीमती सरोज प्रजापति है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्रीमती शिल्पा दांत्रे पत्नी श्री मनोज दांत्रे, अदिति पुत्री श्री मनोज दांत्रे श्री रविन्द्र दांत्रे एवं श्री नरेन्द्र दांत्रे पुत्रगण श्री रमेशचंद शर्मा, बीना पुत्री श्री रमेशचंद शर्मा के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती शिल्पा दांत्रे एवं अदिति दांत्रे द्वारा सम्पति रकवा 0.15 हैक्टेयर एरिया श्री लोकेन्द्र सिंह डडौतिया पुत्र श्री रामनारायण डंडौतिया को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 25792022ए 1853168 दिनांक 18.08.2022 से विक्रय की गई। श्री लोकेन्द्र सिंह डंडौतिया द्वारा उक्त सम्पति श्री वीरेन्द्र प्रजापति पुत्र श्री गोपाल सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792023ए11633374 दिनांक 24.03.2023 से विक्रय की गई। श्री बीरेन्द्र प्रजापति द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान पिरामल कैपीटल एण्ड हाउसिंग फायनेंस लि. शाखा ग्वालियर (म.प्र.) के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710